### कंटेनमेंट जोन में आवश्यक गतिविधियों को ही रहेगी छूट

# 16 से सशर्त खुलेंगे पार्क स्कूल व खेल के मैदान

प्रतापगढ़ | निज संवाददाता

कोरोना संक्रमण के कारण 24 मार्च से बंद चल रहे जिले के पार्क, खेल के मैदान व स्कूल-कॉलेज, कोचिंग संस्थान 16 अक्तूबर से सशर्त खोले जा सकेंगे। संक्रमित मिलने पर घोषित कंटेनमेंट जोन में सिर्फ आवश्यक गतिविधियों को छोड़कर शेष पर पहले की तरह प्रतिबंध जारी रहेगा। उक्त निर्देश डीएम डॉ. रूपेश कुमार की ओर से जारी किए गए हैं।

संक्रमण की रोकथाम के लिए 24 मार्च से पूरे देश में लॉकडाउन घोषित किया गया था। इससे स्कूल-कॉलेज, पार्क व खेल के मैदान भी बंद चल रहे थे। एक जून से लॉकडाउन में मिली छूट के बाद भी इन्हें बंद रखा गया था। एक अक्तूबर को शासन की ओर से जारी गाइड लाइन के क्रम में शुक्रवार को डीएम ने पार्क, खेल के मैदान व स्कूल-कॉलेज सशर्त खोलने की छूट दे दी है। डीएम की ओर से जारी गाइड लाइन के मुताबिक पार्क व खेल के मैदान में निर्धारित संख्या के 50 प्रतिशत लोग ही जुटेंगे और प्रत्येक के लिए मास्क अनिवार्य रहेगा। स्कूल-कॉलेज खोलने के लिए उनके प्रबंधक की सहमति लेनी होगी और बच्चों की उपस्थिति उनके अभिभावक की मर्जी के मुताबिक तय की जाएगी। किसी भी बच्चे को अभिभावक की मर्जी के विरुद्ध स्कूल में उपस्थित होने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।

### धार्मिक, सार्वजनिक कार्यक्रम भी होंगे

16 अक्तूबर से धार्मिक, राजनीतिक व सामूहिक कार्यक्रम भी सशर्त सम्पन्न कराए जा सकेंगे। इन कार्यक्रमों में अधिकतम 200 व्यक्ति ही एक साथ शामिल हो सकेंगे, जिन्हें मास्क लगाना अनिवार्य किया गया है। ऐसे स्थलों पर आयोजक की ओर से सेनिटाइजर व थर्मल स्क्रीनिंग की अनिवार्य रूप से व्यवस्था करनी होगी।

### संक्रमण से सचेत रहने की अपील

शासन की ओर से जारी गाइड लाइन का हवाला देते हुए डीएम ने जनपदवासियों को संक्रमण से सचेत रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि 60 वर्ष से ऊपर वाले व्यक्ति, 10 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चे व गर्भवती महिलाएं बिना आवश्यकता घर से बाहर न निकलें, जिससे वह संक्रमण से बच सकें।

### 50 फीसदी दर्शकों के साथ खोले जाएंगे सिनेमाघर

16 अक्तूबर से सिनेमाघर भी सशर्त खोले जा सकेंगे। सिनेमाघर खोलने के लिए डीएम की ओर से जारी गाइड लाइन में कहा गया है कि सम्पूर्ण क्षमता के 50 फीसदी दर्शक ही एक साथ बैठ सकेंगे। प्रत्येक दर्शक के लिए फेसकवर व सिनेमाघर में सेनिटाइजर उपलब्ध कराना अनिवार्य रहेगा।

# प्रधान के परिजनों को मंत्री ने बंधाया ढांढस

हिन्दुस्तान फॉलोअप

पट्टी | हिन्दुस्तान संवाद

पट्टी थाना क्षेत्र के बसौली ग्राम प्रधान की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शुक्रवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह (मोती) प्रधान के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच का आश्वासन देते हुए परिजनों को न्याय का भरोसा दिलाया। कहा कि वह दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं।

बसौली निवासी ग्राम प्रधान मनोज कुमार (45) बुधवार को अपने छोटे भाई सोनू (30) के साथ पट्टी बाजार आए थे। घर लौटते समय तेज रफ्तार कार की टक्कर से प्रधान की मौत हो गई थी जबकि उनका भाई सोनू घायल हो गया था। ग्राम प्रधान के भाई विनोद की मानें तो टक्कर मारने के बाद कार चालक ने दोबारा गाड़ी बैक कर प्रधान के सिर पर चढ़ा दिया था। प्रधान के परिजनों ने गुरुवार को रोड जाम किया था। प्रशासन के समझाने पर अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए थे। शुक्रवार सुबह ग्राम प्रधान के घर कैबिनेट मंत्री मोती सिंह के पहुंचते ही परिजन बिलख पड़े। पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए मंत्री ने दिवंगत ग्राम प्रधान के भाई विनोद व मुनि यादव के साथ ही मृतक के बच्चों से भी बातचीत की। एसडीएम पट्टी डीपी सिंह को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाए जाने का निर्देश देते हुए मंत्री ने हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। कहा कि ग्राम प्रधान की मौत हादसा है या साजिश। इसकी गहनता से जांच कराई जाएगी।

**अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़ः** ग्राम प्रधान का शव शुक्रवार को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जाने लगा तो ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। प्रधान के घर सुबह से ही श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए और सभी की आंखें नम थी। एहतियात के तौर पर पुलिस गांव में तैनात रही।

**अस्पताल से अंतिम दर्शन को पहुंचा छोटा भाई : पट्टी।** ग्राम प्रधान के साथ कार की टक्कर से घायल छोटे भाई सोनू यादव के पैर की हड्डी टूटने के साथ ही शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उपचार के लिए उसे प्रयागराज के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार को वह अस्पताल से प्रयागराज में गंगा तट पर पहुंच कर ग्राम प्रधान के अंतिम संस्कार में शामिल हुआ। बाद में उसे फिर अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।



पट्टी के बसौली में दिवंगत ग्राम प्रधान के घर पहुंचे कैबिनेट मंत्री मोती सिंह । • हिन्दुस्तान

### प्रधान की कार लेकर घर जा रहा था पुलिसकर्मी

पट्टी। बसौली ग्राम प्रधान की मौत के मामले में पुलिस हादसा व हत्या, दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में घटना में शामिल कार सुल्तानपुर के एक ग्राम प्रधान की बताई जा रही है। सूत्रों की मानें तो अमेठी जनपद में तैनात एक पुलिसकर्मी प्रधान की कार लेकर छुट्टी पर अपने घर जौनपुर के सिंगरामऊ इलाके जा रहा था। कार पुलिस वाला चला रहा था या कोई और, इसकी छानबीन की जा रही है। प्रधान की मौत के मामले में पुलिसकर्मी या कार के मालिक की कोई साजिश है या नहीं। इस बात की जांच के लिए कार में मिले दोनों मोबाइल फोन की सीडीआर निकलवाई जा रही है। पट्टी थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि हादसा व हत्या, दोनों पहलुओं पर जांच की जा रही है। शीघ्र ही मामले का पटाक्षेप हो जाएगा। सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने कार के मालिक को हिरासत में लिया है। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है।

## शहर का कूड़ा बढ़ाएगा राजस्व

**प्रतापगढ़।** शहर के मोहल्लों से निकलने वाला कूड़ा नगर पालिका का राजस्व बढ़ाएगा। कूड़ा निस्तारण प्लांट में सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग करने के बाद उससे जैविक खाद बनाकर बागवानी करने वाले किसानों को बेचा जाएगा और उससे होने वाली आमदनी से नगर के विकास कार्य कराए जाएंगे। शहर के विभिन्न मोहल्लों से हर रोज आठ से नौ मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है। अब इस कूड़े को निस्तारण प्लांट में डंप किया जाएगा। इसके बाद सूखा व गीला कूड़ा अलग किया जाएगा। अलग किए गए कूड़े से निकलने वाले प्लास्टिक को बेचने के बाद गीले कूड़े से जैविक खाद तैयार की जाएगी और किसानों को सस्ती दर पर बेची जाएगी। इससे कूड़े का निस्तारण भी हो जाएगा और नगर पालिका की आमदनी में बढ़ोत्तरी भी होगी। खाद की बिक्री से होने वाली आमदनी से शहर के विकास कार्य कराए जाएंगे।

**35 लाख की लागत से बन रहा प्लांटः** शहर के मोहल्लों से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण करने के लिए महुली में 35 लाख रूपये की लागत से कूड़ा निस्तारण प्लांट बनाया जा रहा है। इसके लिए छह बीघे भूमि चिह्नित की गई है। माना जा रहा है कि अक्तूबर के अंत तक प्लांट बनकर तैयार हो जाएगा।

"शहर से निकलने वाले कूड़े को अब तक जगह-जगह डंप किया जा रहा था लेकिन अब उसे सीधे कूड़ा निस्तारण प्लांट में जमा कर जैविक खाद बनाई जाएगी। खाद से होने वाली आमदनी से विकास कार्य कराए जाएंगे। **मुदित सिंह**
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका"

# एसयूवी से टकराई स्वाट टीम की सूमो

प्रतापगढ़ | निज संवाददाता

शहर के बेल्हा देवी सई पुल के पास गुरुवार रात स्वाट टीम की सूमो सामने से आई एसयूवी से टकरा गई। हालांकि हादसे में स्वाट टीम के लोग बाल-बाल बच गए।

स्वाट टीम के लोग गुरुवार रात टाटा सूमो से चिलबिला की ओर जा रहे थे। सई नदी पुल के पास सामने से आ रहे ट्रक को ओवरटेक करते हुए एक एसयूवी स्वाट टीम की टाटा सूमो से टकरा गई। दोनों वाहन में सवार लोग बाल-बाल बच गए। हादसे में स्वाट टीम की टाटा सूमो पलटने की चर्चा रही। हालांकि पुलिसकर्मियों ने सूमो पलटने से इनकार किया।

### डीजे वाहन पलटा, ड्राइवर सुरक्षित

**हथिगवां।** अधिमास में शुक्रवार को हथिगवां के बलीपुर इलाके के लोग बाबा हौदेश्वरनाथ धाम पर निशान चढ़ाने आए थे। निशान चढ़ाने के बाद लोग घर लौट रहे थे तभी बंधे पर पहुंचते ही निशान के साथ चल रहा डीजे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि डीजे वाहन ड्राइवर पप्पू बाल बाल बच गया। डीजे पलटते ही हड़कम्प मच गया, लेकिन ड्राइवर के सकुशल होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

# जिले में 29 नए कोरोना संक्रमित

प्रतापगढ़ | निज संवाददाता

लालगंज सीएचसी में तैनात फार्मासिस्ट की बेटी समेत जिले के 29 लोगों में शुक्रवार को कोरोना संक्रमण की पुष्टि की गई। अब जिले में कुल संक्रमितों की संख्या 3834 हो गई है। इसमें से 42 की मौत हो चुकी है जबकि 3323 लोग स्वस्थ घोषित किए जा चुके हैं।

कुंडा के हनुमत नगर के युवक, पट्टी बाजार के एक युवक व एक महिला में संक्रमण की पुष्टि की गई है। शहर स्थित रोडवेज बस स्टेशन के बगल रहने वाले युवक, पूरे भइया निवासी अधेड़, कंधई के जोगीपुर की महिला, गोंडे के युवक, ठठेरी बाजार के युवक, मंगरौरा के सरसी खाम के युवक, पल्टन बाजार के युवक, सांगीपुर की महिला की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव है।

उदयपुर के मुरैनी के युवक, आसपुर देवसरा के कोपा के युवक, विकास खंड कार्यालय पट्टी के पीछे रहने वाले युवक में संक्रमण की पुष्टि की गई है।

गड़वारा के भदौसी के युवक, पूरे ईश्वरनाथ के अधेड़, सिटी कस्बे के युवक, उड़ैयाडीह के किठौली के युवक में संक्रमण की पुष्टि की गई है। सीएमओ डॉ. अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने इसकी पुष्टि की है।

**कोरोना मीटर**





| 44622 | 3834 | 42 |
|---|---|---|
| कुल जांच | पॉजिटिव | मौत |
| 3323 | 40789 | 1305 |
| स्वस्थ हुए | निगेटिव | रिपोर्ट लंबित |

**महामारी की मार**

- लालगंज सीएचसी के फार्मासिस्ट की बेटी की रिपोर्ट पॉजिटिव
- शहर में रोडवेज बस स्टेशन के बगल का निवासी भी संक्रमित

### छह दिन फैजाबाद होकर चलेगी किसान एक्सप्रेस

**प्रतापगढ़।** धनबाद से फिरोजपुर के बीच चलने वाली किसान एक्सप्रेस छह दिन फैजाबाद होकर गुजरेगी। यह जानकारी देते हुए स्टेशन अधीक्षक त्रिभुवन मिश्र ने बताया कि जायस से गौरीगंज के बीच रेलवे लाइन के दोहरीकरण कार्य के कारण यह ट्रेन 8 से 13 अक्तूबर तक फैजाबाद होकर जाएगी।








SHALIMAR ONEWORLD
BELVEDERE COURT 3
Gomti Nagar Extension, Shaheed Path, Lucknow.

THANKS FOR THE FAITH REPOSED IN US

60% OF THE LAUNCHED PHASE SOLD OUT IN 1ST MONTH

CONSTRUCTION IN FULL SWING

ACTUAL SITE PHOTOS






2 & 3 BHK APARTMENTS | 4 BHK & 4 BHK PRIME APARTMENTS | LUXURIOUS PENTHOUSES & SKY VILLAS

AMENITIES GALORE

PLAY BEYOND AGE
- Beautiful Waterbodies
- Kids Play Area
- Outdoor Gym
- Senior Citizen Area
- Half Basketball Court
- Multi Use Games Area - Play Court

CLUB HOUSE
- Swimming Pool
- Kids Pool
- Fully-Equipped Gym
- Lounge / Indoor Cafe
- Banquet

BOOK NOW

For Enquiry Call:
+91 6391500906, +91 7428097107
ANS Developer Pvt. Ltd. (Formerly known as Shalimar Lakecity Private Limited)
Corporate Office : Shalimar Titanium, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010, UP | E: sales@shalimar.org | W: www.shalimarcorp.com

SHALIMAR

CIN No. : U70109MH2006PTC237856
Promoter RERA Registration No. : UPRERAPRM10813
Project RERA Registration No. UPRERAPRJ260653
Available at - http://up-rera.in/

MEMBER CREDAI

Disclaimer : This contains artistic impressions and no warranty is expressly or impliedly given that the completed development will comply in any degree with such artist's impression as depicted. The landscape, water bodies, details of lobbies, features & facilities of the common club/community centre/any other area, furniture, accessories, paintings, items, electronic goods, fittings/ fixtures, decorative, false ceiling including finishing materials, specifications, shades, sizes etc. shown in the pictures, are only indicative in nature and for illustrative purpose only and does not form a part of the standard specification. Recipients are advised to apprise themselves of the necessary and relevant information of the project/offer prior to making anypurchase decisions. The sale is subject to terms of application form and agreement for sale. All specifications of the unit shall be as per the final agreement between the parties.